

# आईएसबीटी का टेंडर मंजूर, विभिन्न योजनाओं में प्लॉटों की दरें तय

- ग्राम मोरोद में कृषि मंडी स्वयं बनाएगा विभाग
- आईडीए की बोर्ड बैठक में लिए कई निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के खंडवा रोड पर ग्राम मोरोद में कृषि मंडी का निर्माण स्वयं कृषि विभाग द्वारा किया जाएगा. एमआर 10 स्थित आईएसबीटी के टेंडर की स्वीकृति और विभिन्न योजनाओं में कई तरह के उपयोग के प्लॉटों की न्यूनतम दरें तय की गई, जिन्हें बेचने की कारवाई आगे बढ़ाई जा सकेगी.**

शुक्रवार को आईडीए की बोर्ड बैठक कार्यालय सभागृह में हुई. बैठक शहर की विभिन्न योजनाओं में अलग अलग उपयोग के करीब 75 से ज्यादा भूखंडो की न्यूनतम दरें तय की गई. इसके बाद आईडीए द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित आवासीय, औद्योगिक, व्यवसायिक, शिक्षा, कारपोरेट हाउस निर्माण के प्लाटों को बेचने के टेंडर जारी करेगा. बैठक में तुलसी नगर पुलिया से योजना 134 में वसुंधरा कॉम्पलेक्स के सामने तक मास्टर प्लान की 30 मीटर चौड़ी सड़क 4 के स्थान पर 6 लेन करने की ओर बड़ी राशि 70 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई. बोर्ड बैठक में सबसे अहम कुमेडी स्थित आईएसबीटी के संचालन और रखरखाव मेसर्स बी.वी.जी. इंडिया लिमिटेड, पुणे का टेंडर स्वीकृत किया गया. इससे आईएसबीटी संचालन का रास्ता साफ हो गया और आईडीए के प्रति माह खर्च हो रहे लाखों रुपए बचना शुरू हो जाएंगे. साथ ही आईडीए के विभिन्न उपयोग के प्लाटों का विकास करने के लिए 60 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई. आईडीए के प्लाटों पर पीपीपी मॉडल पर निर्माण करें के लिए सलाहकार एवं सह लेनदेन सलाहकार नियुक्त किया जाएगा.

बैठक में एक अन्य अहम बिंदु पर निर्णय लिया गया है, जिसमें ग्राम मोरोद नेहरू तहसील बिचौली हप्सी की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 372/1 (एस) रकबा 125.2210 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित मंडी का निर्माण एवं विकास, मण्डी विभाग द्वारा स्वयं करने के पत्र पर सहमति दी गई. बैठक में संभागायुक्त और आईडीए सह अध्यक्ष डॉ. सुदामा खाड़े, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, आयुक्त, पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर योगेन्द्र कुमार, चीफ इंजीनियर एमपीईबी राजेश चन्द्र जैन, टीएनसीपी संयुक्त संचालक शुभाशीष बेनर्जी, अधीक्षण यंत्री पीएचई सुनील कुमार उदिया, एडीएम रोशन राय, वन विभाग से अमित सोलंकी एवं आईडीए सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े उपस्थित थे.

### इन बिंदुओं पर भी दी स्वीकृति

इसके अलावा उज्जैन-इन्दौर मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान (आईएमआर) के बढ़े क्षेत्रफल का कंसल्टेंट को भुगतान और एमपीईबी को योजना 97 भाग-4 रेती मण्डी के पास विद्युत ग्रीड निर्माण की आवंटित 1.0 हेक्टेयर जमीन के स्थान पर अतिरिक्त मांग का स्वीकृत करते हुए 1.6 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने पर स्वीकृति प्रदान की गई.

# जल संकट पर जोनल कार्यालयों का घेराव, मटके फोड़े

- शहर में व्याप्त जल संकट के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में जल संकट के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस सड़कों पर उतरी. नगरनिगम के सभी झोनल कार्यालय पर आम जनता ने कांग्रेसियों के साथ मटके फोड़े और प्रदर्शन किया. इस दौरान नगरनिगम और महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. इतना ही नहीं निगम मुख्यालय पर नेता प्रतिपक्ष और अपर आयुक्त के बीच तीखी बहस हुई.**

आज शहर कांग्रेस और निगम कांग्रेस पार्षद दल ने शहर में पानी की समस्या को लेकर नगर निगम के सभी 22 जोनल कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया. इसके लिए कांग्रेस ने हर जोनल कार्यालय प्रभारी नियुक्त किए थे. प्रदर्शन के दौरान जोनल कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की गई और खाली मटके फोड़कर पानी देने की मांग की गई. नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि आज समस्या बताई है और पांच दिन में पानी की व्यवस्था दुरस्त नहीं को गई, तो कांग्रेस द्वारा सभी झोनल कार्यालय पर ताले लगाने की कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा. प्रदर्शन के दौरान प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, प्रमोद द्विवेदी, पार्षद विनीतिका यादव, राजू भदौरिया, सोनिला मिमरोट भाटिया, सीमा सोलंकी, यशस्वी पटेल, अंसाफ अंसारी , कुणाल सोलंकी, अनवर दस्तक, दीपू चौहान , विनोद चौकसे, प्रवेश यादव, अमन बजाज, विनय बाकलीवाल, अभिजीत शर्मा बिट्ठ, मुकेशपुरी, शैलेश गर्ग, शिखा मधुसूदन भालिका, दीपिका अनुरोध जैन, ईश्वर जोशी, दीपक मलोरिया, दिलीप सुरागे, आशीष यादव, लखन बरेठा, अक्षय पंवार, विपिन वानखेड़े, मुकेश यादव, राहुल धाकरे, जतिन थोरात, दिलीप कुदल, रविकांत मिश्रा, निलेश सेन, सुधीर सेठिया, दिलीप कौशल, रवि गुरनानी सहित हर झोन पर बड़ी संख्या में महिलाएं और क्षेत्रीय रहवासी मौजूद थे.







### मुख्यालय पर चौकसे और अपर आयुक्त के बीच हुई तीखी बहस

नगर निगम मुख्यालय पर चिंटू चौकसे कांग्रेस नेताओं के साथ जलकार्य प्रभारी अपर आयुक्त आशीष पाठक को ज्ञापन दिया. ज्ञापन देने के दौरान पानी की समस्या समाधान की मांग पर पाठक और चौकसे के बीच तीखी बहस हो गई. पाठक का कहना था कि हर पार्षद को टैंकर दे दिए हैं अब पानी उपलब्ध कराना पार्षद की जिम्मेदारी है. चौकसे का कहना था कि टैंकर देने से कुछ नहीं होगा, टैंकर भरने की भी व्यवस्था करना पड़ेगी. उन्होंने कहा कि यह कितना शर्मनाक है कि पिछले 20 साल में नगर निगम अपने विभाग में पानी की मोटर को सुधारने की व्यवस्था नहीं कर पाया है. आज सैकड़ो बोरिंग मोटर खराब होने के कारण बंद है. यदि मोटर सुधारने का काम हो जाए , तो बहुत सारे क्षेत्र के पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी.

# इंदौर में पेट्रोल के दाम 109 .81, डीजल 95 .02 रुपए प्रति लीटर

- पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों ने दिया महंगाई का झटका
- इंदौर में नई दरें लागू, आम लोगों की जेब पर बढ़ेगा बोझ

नवभारत न्यूज़

**इंदौर। ईंधन की बढ़ती कीमतों ने एक बार फिर आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है. देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के बाद अब मध्य प्रदेश में भी नई दरें लागू कर दी गई हैं. इंदौर में पेट्रोल, डीजल और स्पीड पेट्रोल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का सीधा असर वाहन चालकों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ने लगा है.**

नई दरों के अनुसार इंदौर में पेट्रोल की कीमत 106.54 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 109.81 रुपए प्रति लीटर हो गई है. वहीं डीजल के दाम 91.93 रुपए से बढ़कर 95.02 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए हैं. स्पीड पेट्रोल के दामों में भी वृद्धि दर्ज की गई है. पहले इसकी कीमत 116.28 रुपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर 119.56 रुपए प्रति लीटर हो गई है. कीमतों में अचानक हुई इस बढ़ोतरी से वाहन चालकों को बड़ा झटका लगा. लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच ईंधन के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा. पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ने की संभावना है, जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है.विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव केवल वाहन खर्च तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर बाजार की समग्र महंगाई पर भी दिखाई देता है. आने वाले दिनों में परिवहन, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सेवाओं के महंगे होने की आशंका जताई जा रही है.

# रतलाम-नीमच रेलखंड दोहरीकरण के बाद ट्रेनों के समय में बदलाव

- समयपालनता सुधारने और यात्रा अवधि कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** रतलाम-नीमच रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने और इस खंड पर यातायात शुरू होने के बाद ट्रेनों के संचालन में गति आई है तथा समयपालनता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, सुगम और समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल लगातार प्रयास कर रहा है.इसी क्रम में मंडल के परिचालन विभाग ने इस रेलखंड से संचालित कुछ ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान समय में संशोधन करने का निर्णय लिया है.इस बदलाव के तहत पांच पैसेंजर ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है. इससे प्रतिदिन लगभग 55 मिनट तथा साप्ताहिक रूप से करीब 385 मिनट की समय बचत होगी. यह निर्णय परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्रियों के कुल यात्रा समय में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नई समय-सारणी लागू होने से ट्रेनों की गति और संचालन व्यवस्था में सुधार होगा तथा यात्रियों को अधिक समयबद्ध सेवा का लाभ मिलेगा.

## एक नजर में

### जूडिओ लाया किफायती व ट्रेंड आधारित फैशन

**इंदौर.** छिंदवाड़ा में स्थित जूडिओ स्टोर अपने लॉन्च के बाद से ही ग्राहकों की मजबूत आवाजाही आकर्षित कर रहा है. खरीदार इसकी आधुनिक स्टाइल, व्यापक विकल्पों और किफायती कीमतों से प्रभावित हो रहे हैं. शांतिनाथ टावर में स्थित यह स्टोर मध्य प्रदेश में जूडिओ की बढ़ती मौजूदगी को और मजबूत करता है, जहां अब ब्रांड के 28 स्टोर संचालित हो रहे हैं. ट्रेंट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक वेंकटेसालु पी ने इस विस्तार पर कहा जूडिओ किफायत, विविधता और आधुनिक डिजाइन के मेल के साथ भारत के फास्ट फैशन परिदृश्य को नया रूप दे रहा है. देशभर में फैशन के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ हमारा ध्यान स्टाइल को अधिक एक्सेसिबल, एस्पिरेशनल और एक्साइटिंग बनाने पर बना हुआ है. हमारे कलेक्शन में लगातार होने वाला बदलाव खरीदारी के अनुभव को गतिशील और प्रासंगिक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इस स्टोर को सहज और आकर्षक खरीदारी का अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है.

### शक्ति प्रेस ने 49 .28 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**इंदौर.** सेंट्रल इंडिया में प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग में उभरती हुई कंपनी शक्ति प्रेस लिमिटेड अपने विस्तार योजनाओं के लिए फंड एकत्रित करने हेतु राइट्स इश्यू के माध्यम से लगभग 49 .28 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है. यह राइट्स इश्यू 7 मई से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल चुका है और 29 मई को बंद होगा. राइट्स इश्यू की कीमत 20 रुपए प्रति शेयर निर्धारित की गई है, जिससे मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर मिलेगा. ऑन-मार्केट राइट्स एंटाइटलमेंट्स के रेनाउंसमेंट की अंतिम तिथि 25 मई है. राइट्स इश्यू पर टिप्पणी करते हुए शक्ति प्रेस के मैनेजिंग डायरेक्टर राघव कैलाशनाथ शर्मा ने कहा राइट्स इश्यू हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि हम अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने और अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने की दिशा में कार्य कर रहे हैं. इस इश्यू से प्राप्त राशि हमें अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाने, कार्यक्षमता में सुधार करने तथा अपने शेयरधारकों के लिए लोंग-टर्म मूल्य सर्जीत करने में सक्षम बनाएगी.

### नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने गर्मियों की मस्ती और बढ़ाई

**इंदौर.** नेक्सस मॉल्स ने गर्मियों की छुट्टियों को खास बनाने के लिए नेक्सस इंदौर सेंट्रल को एक जंगल थीम वाले समर डेस्टिनेशन में बदल दिया है. 45 दिनों तक चलने वाला यह खास अभियान 20 अप्रैल से शुरू हुआ है और 31 मई तक जारी रहेगा. इसका मकसद बच्चों और शॉपर्स को मनोरंजन, रोमांच और यादगार अनुभव देना है. इस अभियान की एक खास पहचान मॉल में की गई जंगल और समर थीम वाली रंग-बिरंगी सजावट है, जो पूरे माहौल को उत्साह और छुट्टियों की ताजगी से भर देती है. बच्चों के लिए एक मजेदार और इंटरैक्टिव फोटो बूथ भी तैयार किया गया है, जहां वे आकर्षक प्रॉप्स और मजेदार सेटअप के साथ यादगार तस्वीरें ले सकते हैं. बच्चों के मनोरंजन को और खास बनाने के लिए मॉल में ट्रैम्पोलिन पार्क एक्सपीरियंस भी शुरू किया गया है. यहां बच्चे सुरक्षित माहौल में खूब खेल-कूद और हाई-एनर्जी एक्टिविटीज़ का आनंद ले सकते हैं. इस समर कैंपेन का एक और बड़ा आकर्षण स्नो किंगडम है, जो मॉल का पहला स्नो सेटअप है.

### प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर सामूहिक सुंदरकांड



**इंदौर.** जिंसी चौराहा स्थित प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर चल रहे तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को रामायण मंडल के सदस्यों ने सुंदरकांड की सामूहिक प्रस्तुति के साथ शनिदेव की आराधना की। इस अवसर पर मंशापूर्ण शनि मंदिर को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था। देर शाम तक सैकड़ों भक्तों ने रामायण पाठ में शामिल होकर शनिदेव से देश-प्रदेश में सुख, शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की. यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, विनोद व्होरा एवं राहुल अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आयोजन शनिवार, 16 मई को होगा. सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा-अर्चना, 12 से 4 बजे तक श्रृंगार एवं वट पूजा, दोपहर 4 से 6 बजे तक यज्ञ एवं हवन, शाम 6 .30 बजे छप्पन भोग दर्शन एवं शाम 7 .30 बजे महाआरती के बाद संतों-महंतों के प्रवचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा.

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एमएसएमई मेगा क्रेडिट कैंप आज

**इंदौर.** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 16 मई को इंदौर में मेगा एमएसएमई क्रेडिट कैंप आयोजित किया जा रहा है. इस विशेष कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के जिलों के उद्योगपतियों-उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की ऋण सुविधाएं, कम ब्याज दरों पर वित्त सहयोग और कई तरह की प्रोसेसिंग रियायतें प्रदान की जाएँगी. कैंप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सभी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी. कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख सुमन कुमार सिंह की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक कुशल पाल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी साथ ही इंदौर क्षेत्र के विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे. इस कैंप का आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र, पोलो ग्राउंड इंदौर में किया जायेगा. इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें.

# नीट-यूजी परीक्षा अनियमितता पर शैक्षिक महासंघ ने जताई चिंता

- दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर इकाई ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में सामने आए प्रश्नपत्र लीक एवं अनियमितताओं के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है. महासंघ ने इसे देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है.

महासंघ के अध्यक्ष डॉ. सुरेश पाटीदार एवं सचिव डॉ. सखाराम मुजाल्दे ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा परीक्षा निरस्त किए जाने तथा केंद्र सरकार द्वारा मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपना आवश्यक कदम है. उनका कहना है कि इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विद्यार्थियों का विश्वास पुन: स्थापित करने में मदद मिलेगी. महासंघ ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाएं केवल प्रवेश प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के वर्षों के परिश्रम, समर्पण और सपनों का आधार होती हैं. ऐसे में परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और मनोबल को प्रभावित करती है तथा संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की साख को नुकसान पहुंचाती है.

### सुरक्षित और पारदर्शी प्रणाली की मांग

महासंघ ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए कई मांगें भी रखीं. इनमें प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया और सुरक्षा तंत्र का स्वतंत्र ऑडिट, पुनर्परीक्षा की पारदर्शी व्यवस्था तथा प्रभावित विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख है. संगठन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तकनीकी सुरक्षा, डिजिटल निगरानी और जवाबदेही तंत्र को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया.

# नीट विवाद को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

- नारेबाजी के बीच एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई इंदौर ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग उठाते हुए हृञ्ज्र एजेंसी को तत्काल भंग करने की मांग की.**

ज्ञापन सौंपने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो पेपर लीक के दोषियों को सजा दो और शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई करो जैसे नारे लगाए. छात्र नेता रजत सिंह पटेल ने कहा कि हृश्वश्वञ्ज जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में अनियमितताएं देशभर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य पर सीधा आघात हैं.





एनएसयूआई इंदौर जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल ने कहा कि छात्रों ने वर्षों की मेहनत और तैयारी के बाद परीक्षा दी, लेकिन पेपर लीक की घटनाओं ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. संगठन ने ज्ञापन में मांग रखी कि परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा प्रभावित छात्रों के मानसिक और शैक्षणिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ठोस कदम उठाए. एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगा. प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम में शुभम सिंह दरबार, सनी ठाकुर, अंकित सरोनिया, संदीप पटौदे, पलाश मिश्रा, कपिल सोलंकी, शशांक त्रिपाठी, नवीन पंवार, शुभम ठाकुर, देव चौहान, हिमांशु मलोरिया, कुणाल सुनहरे, रुद्र सिंह, मोहित चौहान सहित बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 21 दिवसीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा 15 मई से 5 जून तक 21 दिवसीय विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है. इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर यात्रियों, कर्मचारियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा.**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार अभियान का शुभारंभ मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं संस्थानों में किया गया। इंदौर, रतलाम, उज्जैन, चित्तौड़गढ़, डॉ. अंबेडकर नगर, नीमच, नागदा सहित लोको केयर सेंटर रतलाम, रेलवे कार्यशालाओं, रेलवे चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाइयों में रैली और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रमों के दौरान यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पुन: उपयोग योग्य पानी की बोतलों का इस्तेमाल करने तथा कपड़े के थैलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न उपायों की जानकारी देकर लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस 21 दिवसीय अभियान के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है.





# शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर.** पचमढ़ी में आयोजित 12वीं राज्यस्तरीय शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक खरे सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश रहे. वहीं जिला क्रीड़ा अधिकारी वन्दना रघुवंशी की विशेष उपस्थिति रही. इस अवसर पर इंदौर संभाग दल के कप्तान, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं वरिष्ठ व्यायाम निर्देशक अनिल गौड़ ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. संचालन अश्विन मालवीय द्वारा किया गया.



## एक नजर में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुरूप मंत्रियों और महापौर ने लिया देशहित में निर्णय

# मंत्री विजयवर्गीय और सिलावट ने घटाई गाड़ियां, महापौर दो पहिया वाहन पर घूमे

इंदौर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से की गई अपील के अनुरूप अपने काफिले में चलने वाले वाहनों की संख्या में और कमी की है. विजयवर्गीय पहले से ही अत्यंत सीमित काफिले के साथ चलते रहे हैं, जिसमें एक पायलट वाहन, एक मुख्य वाहन तथा जेड श्रेणी सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीआईएसएफ का एक वाहन शामिल था. प्रधानमंत्री की अपील के बाद उन्होंने पायलट वाहन को भी हटा दिया है. अब उनका काफिला केवल 2 वाहनों- एक मुख्य वाहन और सुरक्षा हेतु सीआईएसएफ के वाहन-तक सीमित रह गया है.



### मंत्री सिलावट एक वाहन से करेंगे भ्रमण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'राष्ट्र प्रथम' भावना और ईंधन बचत के संदेश को आत्मसात करते हुए मंत्री तुलसी सिलावट ने अपने काफिले के सभी अतिरिक्त वाहन हटाकर केवल एक ही वाहन से भ्रमण करने का निर्णय लिया है.

### महापौर ने दोपहिया वाहन से लिया विकास कार्यों का जायजा

**इंदौर. शहर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज दो पहिया वाहन पर निकले. इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान और विकास कार्यों का दो पहिया वाहन से ही जायजा लिया. उनके साथ गाड़ी पर पीछे अंगरक्षक बैठे थे.** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल घोषणा की थी कि वे हर शुक्रवार शहर में दो पहिया वाहन से घूमेंगे. इसके पीछे महापौर का तर्क है कि प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल डीजल बचाने का आह्वान किया है. जनता को प्रेरित करने के लिए महापौर ने कार छोड़ स्कूटी को अपनाया. महापौर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा सिटी बस, ई रिक्शा और लोक परिवहन वाहनों का उपयोग करे. साथ ही सप्ताह में एक दिन बिना कार के दो पहिया वाहन पर निकले या अन्य पब्लिक सुविधा का उपयोग करें.

